# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 758 / परीक्षा / MSU / 2025–26 दिनांकः 10/11/025

## अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध / संघटक महाविद्यालयों के सत्र 2025–26 स्नातक स्तर पर विषम सेमेस्टर 2025 के अन्तर्गत तृतीय, पंचम, सप्तम, एवं नवम् सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा तथा प्रथम सेमेस्टर की बैक परीक्षा तथा स्नातकोत्तर स्तर सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (तृतीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा एवं बैक परीक्षा तथा प्रथम सेमेस्टर की बैक परीक्षा के परीक्षा फार्म पूरित किये जाने हैं। जिसका कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाईट महाविद्यालयों हेतु www.msuweb.in पर निम्नानुसार उपलब्ध हैं। उपरोक्त कक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैं :–

### रूपये 200/–विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विस्तारित तिथिवार विवरण :–

| | |
|---|---|
| 01 छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म की ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि– | 18.10.2025 |
| 02 छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म की ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– | 13.11.2025 |
| 03. छात्रों द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों में ज़मा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 14.11.2025 |
| 04. महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR) के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 15.11.2025 |

**नोट–**01. कृपया यह भी सुनिश्चित कर ले कि अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया गया जायेगा।

02 परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ समस्त सत्यापित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

03 **सत्र 2025–26 के नवप्रवेशित स्नातक तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म पूरित करने का कार्यक्रम पृथक से जारी किया जायेगा।**

**छात्र फार्म भरने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को अनिवार्य रूप से पढें।**

01 सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट महाविद्यालयों हेतु www.msuweb.in, पर जाकर Exam Form पर Click करें।

02 परीक्षा आवेदन फार्म भरने हेतु स्वयं के स्थाई मोबाइल नम्बर ई–मेल आई0डी0 का प्रयोग करें। एक मोबाइल नम्बर एंव ई–मेल आई0डी0 से एक ही फार्म का पंजीकरण किया जायेगा।

03 समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना नवीनतम फोटो एंव हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकायें। अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जा सकता है। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।

04 परीक्षा फार्म एंव परीक्षा शुल्क ऑनलाइन (Online) के माध्यम से ही भरा जायेगा। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट आदि स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑनलाइन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

05 छात्र द्वारा फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपनी फार्म संख्या अंकित करना अनिवार्य है।

06 उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा स्वयं सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय / संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जॉच कर यह सुनिश्चित करे कि फार्म के साथ वांछित संलग्नक लगाये गये है अथवा नहीं ?

07 महाविद्यालय / संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**महाविद्यालयों / संस्थानों हेतु विशेष दिशा–निर्देश :–**

- ❖ महाविद्यालय / संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि विषम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा किये जायेंगे।
- ❖ फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय / संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ऑनलाइन नॉमिनल रोल लिस्ट, जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है, केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित कोई भी सूची स्वीकार नहीं होगी।
- ❖ फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये समस्त अग्रिम देयकों (जैसे कि प्रोविजनल डिग्री फीस एंव परीक्षा हेतु दिये गये अग्रिम धनराशि आदि) का समायोजन कराकर लेखा विभाग द्वारा जारी अदेयता प्रमाण–पत्र (no dues certificate) की छायाप्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01 समस्त सम्पादक, समस्त समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश / विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
02 प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय।
03 कुलसचिव।
04 वित्त अधिकारी।
05 उपकुलसचिव।
06 प्रभारी सीक्रेसी।
07 प्रभारी (सामान्य / भण्डार)
08 प्रभारी वेबसाइट / कम्प्यूटर केन्द्र।
09 अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की कृपया नियमों के अनुसार फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।
10 निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
11 गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव